न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट बांदीकुई (दौसा)

PH:-01420-228487

प्रकरण संख्या :—20 / 2024

प्रकरण दायर दिनांकः— 15.03.2024

प्रकरण निर्णय दिनांकः— 08.04.2024

सरकार बनाम गोविन्द व अन्य

राजस्व ग्राम थला का बास स्थित खातेदारी भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने बाबत।

तहसीलदार बॉदीकुई के पत्र कमांकः राजस्व / 2024 / 263 दिनांकः 14.03.2024 द्वारा राजस्व ग्राम थला का बास स्थित खातेदारी भूमि खसरा नं. 138, 137, 139 एवं 148 में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में गै. मु. रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्ताव पेश किया गया है। प्रस्ताव की ताईद में भू.अ. निरीक्षक बॉदीकुई एवं पटवारी हल्का नारायणपुरा मौका रिपोर्ट दिनांकः 11.03.24, राजस्व रिकार्ड जमाबंदी संवत 2074—77 ग्राम थला का बास खाता सं. नया 11 पुराना 11 एवं खाता सं. नया 14 पुराना 14, संलग्न नक्शा ट्रेस जिसमें लाल स्याही से प्रस्तावित रास्ते को प्रदर्शित किया गया है, प्रस्तुत की है। उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में खातेदारी दर्ज रिकार्ड है।

प्राप्त प्रस्ताव दर्ज कर तलबी अप्रार्थीगण / खातेदारान जर्ये नोटिस विधिवत की गई। अप्रार्थीगण / खातेदारान जगदीश कुमार, कमल सिंह व गोविंदसहाय स्वयं उपस्थित आये। प्रस्तावित रास्ते बाबत अपनी सहमति प्रकट की। हमने प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रार्थी / पैरोकार सरकार एवं उपस्थित खातेदारान को सुना। तहसीलदार बॉदीकुई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं संलग्न भू.अ. निरीक्षक बॉदीकुई एवं पटवारी हल्का नारायणपुरा मौका रिपोर्ट दिनांकः 11.03.24, राजस्व रिकार्ड जमाबंदी एवं नक्शा ट्रेस का अवलोकन किया। प्रस्ताव में संलग्न मौका रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित भूमि में से मौके पर रास्ता प्रचलित है। प्रस्ताव में उक्त खातेदारी भूमि में से गै. मु. रास्ता दर्ज करने बाबत निवेदन किया है। अतः प्राप्त प्रस्ताव, संलग्न राजस्व रिकार्ड जमाबंदी एवं नक्शा ट्रेस के अवलोकन के आधार पर प्रस्तावित रास्ते का राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार बॉदीकुई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर राजस्व ग्राम थला का बास स्थित खातेदारी भूमि खाता सं. नया 11 पुराना 11 के खसरा नं. 138 रकबा 1.11 हैक्ट. में से 0.10 हैक्ट. एवं खाता सं. नया 14 पुराना 14 के खसरा नं. 137 रकबा 1.07 हैक्ट. में से 0.05 हैक्ट., खसरा नं. 139 रकबा 0.98 हैक्ट. में से 0.01 हैक्ट., एवं खसरा नं. 148 रकबा 1.77 हैक्ट. में से 0.05 हैक्ट. भूमि संलग्न नक्शा ट्रेस में लाल स्याही से प्रदर्शित प्रस्तावित के अनुसार गै. मु. रास्ता दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। प्रस्तावित रास्ते की खातेदारी उक्त खातों में यथावत रहेगी। तहसीलदार बॉदीकुई नियमानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। पालना हेतु तहसीलदार बॉदीकुई को तहरीर जारी हो। प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

8/4/24

(रामसिंह राजावत)

आर.ए.एस.

उपखण्ड अधिकारी

बांदीकुई

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Singh Rajawat
Date: 2025.04.30 16:05:56 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

आ.33 4-2000-10 लाख फा.

APP Cell

2022/23

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अदालत कलेक्टर मुकाम बांदीकुई

सरकार बनाम गोविन्द व अन्य

किस्म मुकदमा धारा 16(1) ... नं० 20 सन 2024

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15/3/24	तहसीलदार बांदीकुई द्वारा मौके पर चालू रास्ते को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने हेतु प्रस्ताव पेश किया। प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थीगण / खातेदारान जरिये नोटिस की जाकर दि० 8/5/24 को पेश हो। (हस्ताक्षर) उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई	(हस्ताक्षर) 8/5/24 जगदीश कुमार रास्ते के लिए सहमति देता हूँ। (हस्ताक्षर)
8/5/24	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी / पैरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थीगण जगदीश, कमलसिंह व गोविन्द के तलबी नोटिस बाद तामील प्राप्त। अप्रार्थीगण जगदीश कुमार, कमलसिंह व गोविन्द सहाय स्वयं उपस्थित आये। रास्ते हेतु सहमति प्रकट की। आदेशिका पर अपने हस्ताक्षर किये गये। प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रार्थी व उपस्थित अप्रार्थीगण को सुना। तहसीलदार बांदीकुई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं संलग्न दस्तावेजातों का अवलोकन किया गया। मुताबिक मौका रिपोर्ट मौके पर रास्ता प्रचलित है जो काम [illegible] हेतु काम आ रहा है। तहसीलदार बांदीकुई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं [illegible] अवलोकन के आधार पर प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रस्तावित रास्ते की खातेदारी उक्त (हस्ताक्षर) उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई	(हस्ताक्षर) कमलसिंह रास्ते के लिए सहमति देता हूँ। (हस्ताक्षर) गोविन्द सहाय रास्ते के लिए सहमत हूँ गोविन्द सहाय

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Singh Rajawat
Date: 2025.04.30 16:05:56 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
	खाते में यथावत रहेगी। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया जावे। पालना हेतु तहसीलदार बांदीकुई को तहरीर हो। पत्रावली फैसलशुदा होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। [signature] 8/5/24 उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Singh Rajawat
Date: 2025.04.30 16:05:56 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner